समाचार

# राजस्व मंत्री ने किया सार्वजनिक डोम निर्माण कार्य का भूमिपूजन

## (विधायक मद से 18 लाख रू. की लागत से अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के पास बनाया जाएगा डोम, इंडोर खेल प्रतियोगिता एवं खेलों के अभ्यास हेतु मिलेगी सुविधा)




कोरबा 05 जुलाई 2021 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा के समीप विधायक मद से 18 लाख रूपये की लागत से बनने जा रहे सार्वजनिक डोम के निर्माण कार्य हेतु मुख्य अतिथि के रूप में भूमिपूजन किया। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विधायक मद से 18 लाख रूपये की लागत से वार्ड क. 02 अंतर्गत दर्री रोड स्थित अग्रसेन कन्या महाविद्यालय भवन के पास इंडोर खेल प्रतियोगिता एवं खेलों के अभ्यास हेतु सार्वजनिक डोम का निर्माण कराया जाना हैं। प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के करकमलों से उक्त महत्वपूर्ण निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि छोटे से ग्राम पंचायत से लेकर जिला बनने तक के कोरबा के इस सफर में शहर ने विकास के नए–नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं तथा विकास के क्षेत्र में कोरबा प्रदेश में सदैव अग्रिम पंक्ति पर रहा है। उन्होने कहा कि कोरबा के विकास में यहां के सभी समाजों का भरपूर योगदान रहा है, कोरबा के अग्रवाल समाज ने भी यहां के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने यह तय किया है कि सभी समाज के लोगों को सस्ती दर पर जमीन उपलब्ध कराई जाए ताकि सभी समाज अपने सामाजिक भवनों का निर्माण करा सकें। उन्होने कहा कि कोरबा में लगभग सभी समाज के लिए भवनों का निर्माण कराया गया है, अग्रवाल समाज के भवन के लिए भी पूरा सहयोग दिया जाएगा।

**राजस्व मंत्री के सहयोग से सभी समाजों को मिले भवन–** इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज कोरबा में लगभग सभी समाजों के लिए भवनों का निर्माण कराया जा चुका है, निश्चित रूप से इसका श्रेय राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल को जाता है। उनकी

कार्यशैली रही है कि उन्होने सभी के लिए, सभी समाजों के लिए कार्य किया है तथा अपना पूरा सहयोग दिया है। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के मन में कभी भी पक्षपात व भेदभाव की भावना नहीं रही है, इसके प्रत्यक्ष साक्षी हम सभी हैं। उन्होने कहा कि निश्चित रूप से वे हमारे कोरबा के गौरव हैं, जिनके मार्गदर्शन में कोरबा का लगातार विकास हो रहा है। इस अवसर पर अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान अग्रसेन कन्या महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, अग्रवाल सभा के उपाध्यक्ष शिव अग्रवाल, सचिव बजरंग अग्रवाल, अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल एवं सत्यनारायण बुधिया, अग्रसेन शिक्षण समिति के पूर्व अध्यक्ष छेदीलाल अग्रवाल, एम.आई.सी.सदस्य सपना चौहान एवं संतोष राठौर, एल्डरमेन एस.मूर्ति, अग्रसेन विद्यालय के अध्यक्ष जयराम बसंल, संजय बुधिया, आशीष खेतान, नरेश गोपालपुरिया, विश्वनाथ भोपालपुरिया, उमा बसंल, भगवती अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, हरस्वरूप अग्रवाल, इंजी.राज अग्रवाल, इंजी. गोपाल अग्रवाल, सतीश जालान, नंदकिशोर अग्रवाल, श्यामसुंदर अग्रवाल, विमल जजोदिया, सुभाष अग्रवाल, जे.पी.अग्रवाल, रामसेवक अग्रवाल, मोहनलाल अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल स्वेता, सजन अग्रवाल, पुरूषोत्तम अग्रवाल, मुकेश गोयल, पवन अग्रवाल, बजरंग केडिया, एस.के.अग्रवाल, प्राचार्य वाई.के.सिंह, कुसुम द्विवेदी, अर्चना उपाध्याय, द्रौपदी तिवारी, क्रांति सोनी सहित निगम के अधिकारी कर्मचारीगण व अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**(रावेन्द्र सिंह)**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)